# बिहार विधान परिषद

(197वां बजट सत्र)

## 01 मार्च, 2021

----

**[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन ].**

**कुल प्रश्न 25**

----

### पथ की मरम्मती

*92 **मो. फारूक (विधान सभा):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले में पकड़ी दयाल से ढाका आने वाली सड़क की स्थिति जर्जर एवं दयनीय होने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई होती है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती एवं कालीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

### मनमानी पर अंकुश

*93 **श्री रण विजय कुमार सिंह (विधान सभा):**

**कृषि :-**

क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि कृषि निदेशालय ने सभी जिलों में उर्वरक निगरानी समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में करने का निर्देश दिया है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त बैठक में खाद की ब्रिकी, मूल्य एवं उपलब्धता की नियमित समीक्षा करनी है जिससे विक्रेताओं द्वारा खाद को अधिक कीमत पर बेचने और कालाबजारी करने से रोका जा सके ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भोजपुर (आरा) जिला में उक्त समिति की बैठक कर जिला के विभिन्न प्रखण्डों में विक्रताओं द्वारा की जा रही मनमानी पर अंकुश लगाने का विचार रखती है ?

----

## पथांशों का सुदृढ़ीकरण

*94 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत एन. एच. 77 के ओल्ड एलाईन्मेंट के कोबारी – योगवाना – भुतरी – दोस्तियां – सोनवरसा पथ तथा बाजीतपुर – लगमा – डुमरा – कारगील चौक – मेहसौल चौक – मोहनपुर – रामनगरा पथांशों का सुदृढ़ीकरण कार्य वर्ष 2019 तक पूरा हो जाना था;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड ‘क’ का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो इस कार्य को पूरा नहीं होने का क्या औचित्य है और सरकार कबतक उसको पूरा कराना चाहती है ?

----

## नालों का ऊंचीकरण

*95 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

**भवन निर्माण :-**

क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना शहर स्थित पुनाईचक मोहल्ला के रोड नं.- 4 स्थित सरकारी आवासों के दोनों तरफ का नाला नीचे रहने के कारण आवासियों के घर से पानी निकलने में कठिनाई होती है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड ‘क’ का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त आवासों के नालों का ऊंचीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## नाला का निर्माण

*96 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना अन्तर्गत पूर्वी चम्पारण जिला के बंजरिया प्रखंड, वार्ड नम्बर 12 में जदयू नेता सुनील सिंह के घर से पश्चिम धनौती नदी तक नाला का निर्माण नहीं किया जा रहा है ;

(ख) क्या यह सही है कि धनंजय सिंह के घर से उपाध्याय जी के घर तक नाला का निर्माण भी सात निश्चय योजना के अन्तर्गत नहीं किया जा रहा है ;

(ग) क्या यह सही है कि सुनील सिंह के घर से पूरब रामवचन तिवारी के घर के आगे होते हुए मदर टेरेसा स्कूल तक के नाला का निर्माण भी शामिल नहीं किया गया है ;

(घ) क्या यह सही है कि उक्त नालों का निर्माण नहीं होने से बरसात के दिनों में ग्रामवासियों को भयंकर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(ड़) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बताएगी कि उक्त तीनों नाला का निर्माण मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के अन्तर्गत सरकार कब तक कराना चाहती है ?

----

## अधूरे इंदिरा आवास का निर्माण

*97 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में इंदिरा आवास योजना अन्तर्गत गरीबों का आवास बनाया जाता था ;

(ख) क्या यह सही है कि वर्षा 2016-17 में इंदिरा आवास योजना बंद हो गई। योजना में 22 लाख आवास की स्वीकृति दी गई थी, जिनमें करीब 4.63 लाख आवास अब भी अधूरे हैं, जो रिपोर्ट पोर्टल में नहीं दिखाई दे रही है ;

(ग) क्या यह सही है कि अधूरे आवास को पूर्ण करने के लिए अभी तक सरकार ने कितनी राशि लाभुक को दी है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक अधूरे इंदिरा आवास को पूर्ण कराना चाहती है ?

----

## अतिक्रमण से मुक्त

*98 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि सूबे की ग्रामीण सड़कों का अतिक्रमण धड़ल्ले से किया जा रहा है जिसके कारण सड़क की वास्तविक चौड़ाई कम होने से बराबर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है ;

(ख) क्या यह सही है कि ग्रामीण सड़कों/पथों के अतिक्रमण की समस्या स्थायी रूप ले चुकी है लेकिन संबंधित प्रशासनिक पदाधिकारियों की लापरवाही से यह मर्ज बढ़ता ही जा रहा है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्रामीण पथों को अतिक्रमण से मुक्त करने का अभियान शुरू करना चाहती है तथा संबंधित प्रखण्ड तथा अनुमण्डल के किन्हीं पदाधिकारी को अतिक्रमण से मुक्ति की जिम्मेवारी देना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों ?

----

## पुल का निर्माण

*99 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि गया जिले के डुमरिया प्रखंड के नन्दई पंचायत के ग्राम-गोपीयाडीह में नदी पर पुल का निर्माण नहीं हुआ है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त नदी में पुल का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## संवेदक पर कार्रवाई

*100 **श्री संजय प्रसाद (मुंगेर स्थानीय प्राधिकार ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि जमुई जिले के प्रखंड चकाई पैकेज नंबर MR.N-30 पीडब्ल्यूडी सड़क से नवादा एवं बटपार से पराची एवं पीडब्ल्यूडी सड़क से पराची

सड़क का संवेदक के द्वारा काफी घटिया कार्य कराया जा रहा है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सभी पथ की जांच कराकर सड़क निर्माण कार्य कराना चाहेंगे ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी संवेदक के ऊपर कार्रवाई करना चाहेगी, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का निर्माण

*101 **श्री आदित्य नारायण पाण्डेय (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत फुलवरिया प्रखंड की विक्रमपुर पंचायत के वार्ड नंबर 11 के मदरसा इस्लामिया से होते हुए नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, कब्रगाह मस्जिद को जोड़ने वाली सड़क विगत 15 वर्षों से जर्जर है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त सड़क को जनहित में बनाना चाहती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का निर्माण

*102 **श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत बसही मुख्य पथ से कॉलेज होते हुए धोबी टोला तक जर्जर पथ का नई अनुरक्षण नीति 2018 के अन्तर्गत डीपीआर तैयार कराकर तकनीकी अनुमोदनोपरांत प्रशासनिक स्वीकृति हेतु अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल-छपरा ने अपने पत्रांक- 791, दिनांक- 18.06.2019 से मुख्य अभियंता- 04, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को भेजा है ;

(ख) क्या यह सही है कि जनवरी 2021 तक उक्त सड़क को प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिल सकी है जिससे सड़क का निर्माण नहीं हो सका है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का पक्कीकरण

*103 **डा. कुमुद वर्मा (विधान सभा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गया जिला अन्तर्गत बाराचट्टी से डोभी होकर बोधगया जाने वाली पक्की सड़क की लम्बाई लगभग 45 किमी. है ;

(ख) क्या यह सही है कि एन. एच.- 2 के सुलेवटा मोड़ से बोधगया तक एक कच्ची सड़क है जिसकी लम्बाई लगभग 20 किमी. है ;

(ग) क्या यह सही है कि खंड 'ख' में वर्णित सड़क का पक्कीकरण कर देने से एनएच-2 से बोधगया की दूरी लगभग 25 किमी. कम हो जायेगी और करीब 50 छोटे बड़े गांव के लोगों को यातायात की सुविधा मिल जाएगी ;

(घ) क्या यह सही है कि इस सड़क का पक्कीकरण होने से झारखंड से बोधगया आनेवाले यात्रियों को एक अतिरिक्त मार्ग सुलभ हो जायेगा ;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण करने का विचार रखती है ?

----

## सडक का पक्कीकरण

*104 **श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर रेलवे स्टेशन के दक्षिण क्रॉसिंग से नहर की ओर जाने वाली कच्ची सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क कच्ची होने के कारण आम दिनों विशेषकर बरसात में आवागमन के लायक नहीं रह जाती है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सर्विस लेन का निर्माण

*105 **श्रीमती रीना देवी उर्फ रीना यादव (स्थानीय प्राधिकार, नालन्दा):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना बाइपास (सिपारा पुल से नन्दलाल छपरा) के दोनों तरफ सर्विस लेन का निर्माण अबतक नहीं कराया गया है जिससे आमजन एवं मुहल्लावासियों को काफी कठिनाई होती है ;

(ख) क्या यह सही है कि सिपारा पुल से लेकर नन्दलाल छपरा तक बाईपास पर एवं सर्विस लेन पर हजारों ट्रक-ट्रैक्टर (बालू लदा हुआ) खड़ा रहता है, जिसके कारण यातायात प्रभावित हो रहा है तथा हमेशा हनुमाननगर, रामकृष्णा नगर एवं सिपारा पुल के पास जाम की समस्या बनी रहती है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सिपारा पुल से लेकर नन्दलाल छपरा तक दोनों तरफ के सर्विस लेन का निर्माण करने एवं अवैध रूप से सड़क पर बालू लदे ट्रक-ट्रैक्टरों को अन्यत्र हटाने का विचार सरकार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सडक का चौड़ीकरण

*106 **प्रो. गुलाम गौस (विधान सभा):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत हाजीपुर पासवान चौक से जन्दाहा होकर समस्तीपुर जाने वाली सड़क एनएच-322 घोषित कर दी गई है ;

(ख) क्या यह सही है कि विगत लगभग 3 वर्षों से इस सड़क पर वाहन का आवागमन अत्यधिक बढ़ गया है, जिससे आये दिन इस मार्ग पर घंटों जाम लग जाता है ;

(ग) क्या यह सही है कि इस सड़क का चौड़ीकरण एवं विस्तारीकरण का कार्य बहुत ही सुस्त गति से चल रहा है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सड़क का चौड़ीकरण एवं विस्तारीकरण कार्य में तेजी लाने के लिए क्या कार्रवाई कर रही है, नहीं तो क्यों ?

----

## पुल का निर्माण

*107 **श्री रजनीश कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत भगवानपुर प्रखंड को चेरिया बरियापुर प्रखंड से जोड़ने वाली बूढी गंडक नदी पर चेरिया घाट पुल मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित था ;

(ख) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना के बंद होने के कारण इस पुल का निर्माण लंबित हो गया ;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त पुल के नहीं बनने के कारण चेरिया, सूर्यपुरा, जयरामपुर, भीठसारी सहित दर्जनों गांवों की आबादी को राज्य उच्च पथ 55 से संपर्कता प्रदान नहीं हो पाने की वजह से आवागमन में कठिनाई हो रही है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## ठेकेदार पर कार्रवाई

*108 **प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

**भवन निर्माण :-**

क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार ने रेनवाट हार्वेस्टिंग योजना के तहत सभी सरकारी भवनों में टंकी से ओवरफ्लो करने वाले अतिरिक्त जल तथा वर्षा के समय में हुई वर्षा के पानी को एकत्र करने की महत्वकांक्षी योजना बनाई है ;

(ख) क्या यह सही है कि वाटर हार्वेस्टिंग के नाम पर सरकारी भवनों में लगे हुए पुराने पाइपों को उखाड़कर फेंक दिया गया है और वाटर हार्वेस्टिंग के लिए बहुत ही घटिया किस्म के पाइप को जैसे-तैसे लगा दिया गया है, जिससे वर्षा का पानी या टंकी का अतिरिक्त जल एकत्र तो नहीं ही होता है, जो पानी पहले नाली में पानी गिरता था, वह अब भवनों के अंदर आ रहा है और करोड़ों रुपए के भवन और ऑफिस, फ्लैट, अनुसचिवीय आवास तथा अन्य प्रकार के सरकारी भवन बर्बाद हो रहे हैं एवं उनमें रहने वाले व्यक्तियों को बहुत कठिनाई हो रही है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार वाटर हार्वेस्टिंग के नाम पर किए इस घोटाले की जांच मुख्यालय से कराकर पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना के इसमें संलिप्त सभी अभियंताओं एवं ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का जीर्णोद्धार

***109 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के द्वारा सूर्यगढ़ा पक्का पुल से शाम्हो उच्च विद्यालय होते हुए भाया बिजुलिया, अकबरपुर पुरानी डीह, जगन सैदपुर तक किये गये सड़क का निर्माण मरम्मती के अभाव में जीर्ण-शीर्ण हो गया है और सड़क जानलेवा बनती जा रही है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार एवं मरम्मती करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## संपर्क पथ का निर्माण

***110 डा. वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मोतिहारी जिलान्तर्गत केशरिया में ऐतिहासिक बौद्धस्तूप का दर्शन हेतु मुख्य सड़क से उक्त ऐतिहासिक बौद्धिक स्तूप के अतिथि गृह में जाने हेतु संपर्क पथ नहीं है ;

(ख) यदि खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त ऐतिहासिक बौद्धिक स्तूप के अतिथि गृह में जाने हेतु संपर्क पथ का यथाशीघ्र निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## कार्रवाई करने

***111 श्री सुबोध कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत राघोपुर प्रखंड से आमजनों को पटना आने-जाने हेतु कच्ची दरगाह रुस्तमपुर घाट पर पीपा पुल का निर्माण कराया गया है, जो इस प्रखंड के लिए लाइफ लाइन साबित हो रहा है ;

(ख) क्या यह सही है कि पीपा पुल के एंगल, प्लेट एवं गाटर कई स्थानों से मुड़े हुए

हैं या टूट गए हैं, जिससे पीपा पुल काफी जर्जर स्थिति में है और कभी भी भयंकर दुर्घटना घट सकती है ;

(ग) क्या यह सही है कि हर वर्ष इस पीपा पुल के रख-रखाव पर एक बड़ी सरकारी राशि व्यय की जाती है, जिसे कागज पर ही व्यय दिखा कर बंदरबॉट कर ली जाती है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राघोपुर प्रखंड के आमजनों के आवागमन हेतु निर्मित पीपा पुल के रख-रखाव में लापरवाही बरतने एवं सरकारी राशि को हड़पने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## उच्चस्तरीय जांच कराने पर विचार

*112 **श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

**कृषि :-**

क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के नरहट प्रखण्ड अंतर्गत झिकरूआ आहर के जीर्णोद्धार की योजना संख्या- 02/2019-20 के कार्यान्वयन के नाम पर बड़े पैमाने पर सरकारी राशि की निकासी अथवा भुगतान किया गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त ग्राम निवासी जयराम सिंह एवं अन्य ग्रामीणों ने नवादा के भूमि संरक्षण पदाधिकारी से मिलकर शिकायत की है कि प्रश्नगत योजना का प्राक्कलन के अनुसार कार्यान्वयन नहीं कराया गया है तथा कागजी खानापूरी करके सरकारी राशि की बंदरबांट की गई है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भूमि संरक्षण की राशि से कार्यान्वयन की गई प्रश्नगत योजना सहित नरहट, सिरदला एवं मेसकौर प्रखंडों की पांच-पांच योजनाओं की उच्चस्तरीय जांच कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## समिति सुदृढ़ीकरण

*113 **श्री अर्जुन सहनी (विधान सभा):**

**कृषि :-**

क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार सरकार के कृषि रोड मैप वर्ष 2017-2018 से 2020-2022 तक के अन्तर्गत मत्स्य विकास योजनाएं एवं व्यय विवरणी स्वीकृत की गई है ;

(ख) क्या यह सही है कि कृषि रोड मैप की मत्स्य विकास योजनाएं एवं व्यय विवरणी के पृष्ठ- 75 के कंडिका- 36 में उद्यृत है कि मत्स्यजीवी सहयोग समिति के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण के लिए 9547 लाख रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या राज्य सरकार मत्स्यजीवी सहयोग समिति के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण के लिए 9547 लाख रुपये देना चाहती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## पुल का निर्माण

***114 श्री सुमन कुमार (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार ):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के मधवापुर प्रखण्ड अंतर्गत करहुआ घाट तथा अगल-बगल के आमजन एवं सैकड़ों बच्चे पठन-पाठन के लिए वर्षों से धौंस नदी पर निर्मित चचरी पुल का उपयोग करते हैं ;

(ख) क्या यह सही है कि नवम्बर 2019 में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा धौंस नदी के करहुआ घाट पर 3 करोड़ 9 लाख 58 हजार 350 रुपये की लागत से उच्च स्तरीय आर.सी.सी. पुल का निर्माण कार्य शुरू किया गया था ;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त पुल के निर्माण के कुछ माह बाद ही निर्माण कार्य बंद कर दिया गया जबकि 6 माह के अन्दर पुल का निर्माण कर जनहित में जारी करना था ;

(घ) क्या यह सही है कि उक्त पुल के निर्माण को लेकर विभागीय पदाधिकारी के संवेदनशील नहीं होने के कारण आगामी बरसात में नागरिकों को काफी फजीहत उठानी पड़ेगी ;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मधुबनी जिला के मधवापुर प्रखण्ड अंतर्गत करहुआ घाट पर निर्माणाधीन पुल का निर्माण जनहित के लिए कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## अनुरक्षण कार्य

***115 श्री राजन कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिले में मुख्यमंत्री विकास योजना एवं पी.एम.जी.एस.वाई योजना अन्तर्गत जिला में विभिन्न प्रकार की सड़क का निर्माण किया गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि जिला की उक्त विभिन्न सड़कों की हालत जर्जर हो गई है, जिससे आम जनता को आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त विभिन्न प्रकार की सड़क का अनुरक्षण कार्य नहीं कराया जा रहा है, जिससे सड़क की स्थिति खराब हो रही है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार औरंगाबाद जिला की विभिन्न योजनाओं से बनी सड़क का अनुरक्षण कार्य के तहत मरम्मती कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## आर.सी.सी. पुल का निर्माण

***116 श्री अशोक कुमार अग्रवाल ( कटिहार त्रिस्तरीय पंचायती राज):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बलरामपुर प्रखंड के सिहागांव से चिकनी के बीच जाने वाली सड़क में निर्मित आर.सी.सी. पुल विगत कई वर्षों से क्षतिग्रस्त है, जिसका निर्माण कराया जाना आवश्यक है ;

(ख) क्या यह सही है कि निर्मित आर.सी.सी. पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण बाढ़ एवं बरसात के मौसम में जल-जमाव होने से भारी मात्रा में किसानों को फसल की क्षति हो रही है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर नया आर.सी.सी. पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----